# दत्तोपंत ठेंगड़ी राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा एवं विकास बोर्ड,
# मुख्यालय, नागपुर

## संक्षिप्त रिपोर्ट

दत्तोपंत ठेंगड़ी राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा एवं विकास बोर्ड, मुख्यालय, नागपुर में दिनांक 01.09.2020 से 14.09.2020 तक हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन किया गया। श्री हर्ष वैद्य, महानिदेशक ने दिनांक 01.09.2020 को दीप प्रज्वलित करते हुए मुख्यालय परिसर में हिन्दी पखवाड़ा का उद्घाटन किया। अपने उद्घाटन भाषण में अधिकारियों को कार्यालयीन कामकाज हिन्दी में करने के लिए प्रेरित किया और कहा कि मुख्यालय में पखवाड़े के दौरान आयोजित हिन्दी प्रतियोगिताओं में अधिकाधिक अधिकारी/कर्मचारी कोविड–19 के मानकों को ध्यान में रखते हुए सम्मिलित हों।

दिनांक 14.09.2020 को मुख्यालय एवं समस्त आँचलिक/क्षेत्रीय निदेशालयों में हिन्दी दिवस मनाया गया। हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में श्री हर्ष वैद्य, महानिदेशक ने शुभकामना संदेश का विमोचन किया जिसे श्री बी.वी.रमेश बाबू, सहायक निदेशक (रा. भा.) द्वारा वाचन किया गया तथा महानिदेशक के संदेश को आँचलिक/क्षेत्रीय निदेशालयों में भी पढ़ा गया। मुख्यालय में पखवाड़े के दौरान आयोजित सुलेखन, हिन्दी निबंध, स्लोगन एवं ड्राइंग तथा काव्य लेखन प्रतियोगिताओं के विजेता अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पुरस्कृत भी किया गया। महानिदेशक ने ड्राइंग एवं स्लोगन प्रतियोगिता से संबंधित ड्राइंग एवं स्लोगन गैलरी (डिस्प्ले) का अवलोकन किया तथा अधिकारियों/कर्मचारियों की रचनात्मक कलाकृति को सराहा। श्री सौरभ मलिक, लेखापाल की ड्राइंग को प्रथम पुरस्कार के रूप में पुरस्कृत किया गया। महानिदेशक ने कहा कि हिन्दी में कामकाज करें और हिन्दी सहज एवं सरल भाषा है। हिन्दी में कार्य करते हुए अपने को गौरवान्वित महसूस करें, हिन्दी जनमानस की भाषा है।

कार्यक्रम मं श्री एस. के. रॉय, उप निदेशक (शिक्षा) प्रभारी एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारी तथा क्षेत्रीय निदेशालय, नागपुर के अधिकारी/कर्मचारी भी उपस्थित थे। श्री एस.के. रॉय, उप निदेशक (शिक्षा) प्रभारी ने भी अपने भाषण में अधिकारियों/कर्मचारियों को हिन्दी में कामकाज करने के लिए प्रेरित किया। श्री अरविंद यादव, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी ने कार्यक्रम का संचालन किया तथा हिन्दी दिवस के आयोजन के उद्देश्य को भी बताया। श्रीमती शीतल पाटिल, हिन्दी टंकक ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

–––––




दीप प्रज्ज्वलित करके हिन्दी पखवाड़ा का उद्घाटन करते हुए द.ठें.रा.श्र.शि.वि.बो. के महानिदेशक श्री हर्ष वैद्य



हिन्दी पखवाड़ा के उद्घाटन समारोह में सम्बोधित करते हुए महानिदेशक श्री हर्ष वैद्य



हिन्दी दिवस के अवसर पर शुभकामना संदेश का विमोचन करते हुए महानिदेशक श्री हर्ष वैद्य





हिन्दी दिवस के अवसर पर शुभकामना संदेश का वाचन करते हुए श्री रमेश बाबू, सहायक निदेशक (रा.भा.)

हिन्दी पखवाड़ा / हिन्दी दिवस की झलक







स्लोगन एवं ड्राइंग प्रतियोगिता से संबंधित चित्रदीर्घा का अवलोकन करते हुए महानिदेशक श्री हर्ष वैद्य